# SSLC EXAMINATION, MARCH - 2022

# HINDI

Third Language

Time : 1½ Hours | Total Score : 40

**सामान्य निर्देश :**

- नियत समय के अलावा **15** मिनिट का कूल ऑफ़ टाइम है। यह समय प्रश्नों से परिचय पाने और उत्तर लिखने की तैयारी के लिए है।
- अलग-अलग स्कोर के प्रश्न अलग-अलग भागों में दिए गए हैं।
- प्रश्नों से संबंधित सूचनाएँ ठीक से समझकर उत्तर लिखें।
- स्कोर, समय आदि पर ध्यान देकर उत्तर लिखें।
- **1** से **24** तक के प्रश्नों के लिए अधिकतम स्कोर **40** हैं।

Score

## भाग - I

**(1 से 9 तक के प्रश्नों के एक-एक अंक है।)**

**सूचना : 1 से 6 तक के प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखें। प्रथम तीन प्रश्नों के संभावित उत्तर कोष्ठक में दिए गए हैं।** 1x4=4

1. 'धरती पर चलती-फिरती खून की प्यारी-प्यारी बूँदें' यह किनका वर्णन है?

   (क) मूँगफली के फूलों का (ख) बीरबहूटियों का

   (ग) नदियों का (घ) बारिश की बूँदों का

2. 'अकाल और उसके बाद' किसकी रचना है?

   (क) नागार्जुन (ख) गुलज़ार

   (ग) राजेश जोशी (घ) धर्मवीर भारती

3. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का मुख्य विषय क्या है?

   (क) जाति प्रथा (ख) बेकारी

   (ग) दोस्ती (घ) प्यार

Score

4. 'तब मैं / रथ का टूटा हुआ पहिया / उसके हाथों में / ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता हूँ!' कौन ब्रह्मास्त्रों से लोहा ले सकता है?

5. 'आई एम कलाम' फिल्म का पात्र छोटू खुद अपना नाम क्या रख लेता है?

6. 'जब तक मैनेजर ने वह पोटली माँ के हवाले नहीं की, वह नहीं लौटा।' उस पोटली में क्या था?

**सूचना : 7 से 9 तक के प्रश्नों के सही उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें।** **1x3=3**

7. 'हताशा से एक व्यक्ति बैठ गया था' कविता में 'जानना' शब्द से क्या तात्पर्य है?
   (क) व्यक्ति के नाम-पते से जानना (ख) व्यक्ति के उम्र और ओहदे से जानना
   (ग) व्यक्ति की हताशा से जानना (घ) व्यक्ति की जाति से जानना

8. 'फूलदेई' का त्यौहार किस ऋतु में आता है?
   (क) बसंत ऋतु में (ख) वर्षा ऋतु में
   (ग) हेमंत ऋतु में (घ) शिशिर ऋतु में

9. सही वाक्य चुनकर लिखें।
   (क) बूढ़ा मल्लाह ग़ज़ल गानी लगी। (ख) बूढ़ा मल्लाह ग़ज़ल गाना लगा।
   (ग) बूढ़ा मल्लाह ग़ज़ल गाने लगा। (घ) बूढ़ा मल्लाह ग़ज़ल गाने लगी।

## भाग - II

**(10 से 12 तक के प्रश्नों के दो-दो अंक हैं।)**

**सूचना : निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखें।** **2x1=2**

10. 'माँ डर गई। पाँच साल का बच्चा इस उग्र भीड़ को झेल पाएगा!' यहाँ पाँच साल का बच्चा कौन है? माँ के डर जाने का कारण क्या है?

**सूचना : 11 से 12 तक के प्रश्नों में से किसी <u>एक</u> का उत्तर लिखें।** **2x1=2**

11. 'कोहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं।' कैसी सड़क पर बच्चे जा रहे हैं? वे क्यों जा रहे हैं?

12. 'ताऊजी उसमें भइया के छोटे बेटे का भी नाम है, तो मेरा...।' नीचे की तालिका देखें और लिखें कि '**मेरा**' किनका संयुक्त रूप है?

| उसमें | | मेरा | |
|---|---|---|---|
| वह | में | .......... | .......... |

Score

## भाग - III

**(13 से 17 तक के प्रश्नों के तीन-तीन अंक हैं।)**


**सूचना : 13 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** **3x3=9**

13. 'बीरबहूटी' कहानी के आधार पर 'दोस्ती' के संबंध में **टिप्पणी** लिखें।
    - साथ साथ चलना
    - सुख-दुख में साथ रहना
    - बिदाई में वेदना का अनुभव होना

14. 'आई एम कलाम' फ़िल्म के छोटू की **तीन विशेषताएँ** चुनकर लिखें।
    - स्कूल जाना चाहता है।
    - चोरी करने की आदत है।
    - सीखने में तेज़ है।
    - दोस्ती का प्रण नहीं तोड़ता है।
    - घुड़सवारी आती है।

15. 'अकाल और उसके बाद' कविता के अकाल को सूचित करनेवाले तीन प्रतीकों को चुनकर लिखें।
    - उठता धुआँ
    - रोता चूल्हा
    - चमकती आँखें
    - उदास चक्की
    - छिपकलियों की गश्त

16. वाक्य **पिरामिड** की पूर्ति करें।
    (पानी, मैला-गंदा, लोटे से)



Score

**सूचना : निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखें।** 3x1=3

17. 'गुठली तो पराई है' कहानी के आधार पर **सही मिलान** करें।

| | |
|---|---|
| गुठली को | सोचती रही। |
| गुठली का नाम कार्ड पर | बड़ी बुआ अच्छी लगती है। |
| गुठली देर रात तक | नहीं छपवाया था। |

## भाग - IV

**(18 से 22 तक के प्रश्नों के चार-चार अंक हैं।)**

**सूचना : 18 से 20 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** 4x2=8

18. 'पाँचवीं कक्षा का रिज़ल्ट आ गया। दोनों छठी में आ गए। यह स्कूल पाँचवीं तक ही था।' साहिल और बेला अलग-अलग स्कूलों में जानेवाले हैं। दोनों इसपर बड़े दुखी हैं। साहिल अपने विचारों को डायरी में लिखता है। साहिल की **डायरी** लिखें।

19. 'दिल्ली में डॉ. कलाम हैं, जिनसे मिलकर हमारे कलाम को कुछ कहना है।' डॉ. कलाम से छोटू क्या-क्या कहेंगे? संकेतों की सहायता से दोनों के बीच की संभावित **बातचीत** लिखें।

- टीवी में डॉ. कलाम को देखना
- आदर का मनोभाव
- कलाम बनने की आशा
- डॉ. कलाम का आशीर्वाद

20. कवि और कविता का परिचय देते हुए कवितांश का **आशय** लिखें।

मैं रथ का टूटा हुआ पहिया हूँ
लेकिन मुझे फेंको मत
इतिहासों की सामूहिक गति
सहसा झूठी पड़ जाने पर
क्या जाने
सच्चाई टूटे हुए पहियों का आश्रय ले!

Score

**सूचना : 21 से 22 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।** 4x1=4

21. जून 12 'विश्व बालश्रम विरोधी दिवस' है। इस अवसर पर 'कैरली बाल सभा, एरणाकुलम' के नेतृत्व में 'बालश्रम समाज का अभिशाप है' विषय पर संगोष्ठी होनेवाली है। इसके लिए **पोस्टर** तैयार करें।

22. मोहन राकेश को भोपाल में घूमने का अवसर मित्र अविनाश के कारण मिला था। भोपाल के अनुभव उनके लिए अनमोल थे। इसपर धन्यवाद देते हुए मोहन राकेश ने अविनाश को पत्र लिखा। संभावित **पत्र** लिखें।

- भोपाल स्टेशन पर स्वीकार करना
- रात को घूमने निकलना
- नाव में भोपाल ताल की सैर
- बूढ़े मल्लाह का ग़ज़ल गाना

## भाग - V

**(23 से 24 तक के प्रश्नों के पाँच-पाँच अंक हैं।)**

**सूचना : 23 से 24 तक के प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखें।** 5x1=5

23. निम्नलिखित संकेतों के आधार पर **रपट** तैयार करें और शीर्षक दें।

- माँ की आवाज़ फटकर फुसफुसाहट में तब्दील होना
- लोगों का चिल्लाना
- माँ का स्टेज से हटने को मज़बूर होना
- चार्ली को स्टेज पर ले आना
- लोगों में गुदगुदी फैलाना

24. 'ठाकुर का कुआँ' कहानी का यह अंश पढ़ें और **पटकथा का एक दृश्य** लिखें।

> कुएँ पर स्त्रियाँ पानी भरने आई थीं। इनमें बात हो रही थी। 'खाना खाने चले और हुक्म हुआ कि ताज़ा पानी भर लाओ। घड़े के लिए पैसे नहीं हैं।' 'हम लोगों को आराम से बैठे देखकर जैसे मरदों को जलन होती है।' 'हाँ, यह तो न हुआ कि कलसिया उठाकर भर लाते। बस, हुक्म चला दिया कि ताज़ा पानी लाओ, जैसे हम लौंडियाँ ही तो हैं।'

-o0o-